सबमरीनर डेट

ऑयस्टर, 41 मिमी, ऑयस्टरस्टील और येलो गोल्ड

एक ब्लू सेरामिक में सेराक्रोम बेज़ेल इन्सर्ट और चमकने वाले बड़े घंटे के सूचकों के साथ एक एक रॉयल ब्ल्यू डायल, सबमरीनर डेट में ऑयस्टर परपेचुअल ऑयस्टरस्टील और येलो गोल्ड।

एक ही दिशा में घूमने योग्य बेज़ेल

एक पानी के नीचे उपकरण

सबमरीनर का घूमने योग्य बेज़ेल घड़ी की एक महत्वपूर्ण कार्यक्षमता है। इसके 60-मिनट के अंशांकन गोताखोर को डाइविंग समय और डीकम्प्रेशन स्टॉप पर सटीक और सुरक्षित रूप से निगरानी करने की सुविधा प्रदान करते हैं।

रोलेक्स द्वारा सख्त, संक्षारण प्रतिरोधी सेरामिक से निर्मित, सेराक्रोम बेज़ेल इन्सर्ट लगभग स्क्रैचप्रूफ़ है। ज़ीरो मार्कर पर एक चमक कैपसूल सुपाठ्यता सुनिश्चित करता है कि चाहे कितना भी अंधेरा परिवेश हो, आप डायल को पढ़ सकते हैं। बेज़ेल के किनारे को ध्यानपूर्वक इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि पानी के नीचे इसकी पकड़ बेहतरीन होती है, दस्तानों के साथ भी।



रॉयल ब्ल्यू डायल

अंडरवाटर सुपाठ्यता के लिए

डायल का चमकदार क्रोमालाइट डिस्प्ले एकदम नया है जो गोताखोरों के लिए ज़रूरी, अंधकारमय परिवेश में दृश्यता में सुधार करता है।

घंटे के संकेत के सरल आकार – त्रिभुज, गोल, आयताकार – और घंटे और मिनट की चौड़ी सुइयाँ पानी के भीतर किसी भी भ्रम के जोखिम को रोकने के लिए तत्काल और भरोसेमंद पठन सक्षम करती हैं।

पीला रोलेसॉर

दो धातुओं का मिलन

गोल्ड अपनी चमक और कुलीनता के लिए प्रतिष्ठित है। स्टील ताकत और विश्वसनीयता को मज़बूती देता है। साथ में, ये सामंजस्यपूर्ण रूप से अपने गुणों का सर्वोत्तम संयोजन करते हैं।

एक सच्चे रोलेक्स हस्ताक्षर के रूप में, रोलेसॉर 1930s के दशक से रोलेक्स मॉडलों पर अंकित होता रहा है और 1933 में इसे नाम के रूप में ट्रेडमार्क किया गया। यह ऑइस्टर पर्पेचुअल कलेक्शन का एक प्रमुख स्तंभ है।



ऑयस्टर ब्रेसलेट

रूप और कार्यात्मकता की कीमियागिरी

ऑयस्टर ब्रेसलेट, रूप और कार्यात्मकताकी निपुण कीमियागिरी का बेहतरीन मिलन है, जिसे इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि वह मज़बूत और आरामदेह दोनों रहे।

इसमें एक ऑयस्टरलॉक क्लास्प लगा है, जो अचानक खुल जाने से बचाता है, और एक कुशल ग्लाइडलॉक है जिससे किसी टूल का इस्तेमाल किए बना ब्रेसलेट को बारीकी से एडजस्ट किया जा सकता है - जिससे इसे आराम से डाइविंग सूट के ऊपर पहना जा सकता है।

और पढ़ें तकनीकी विवरण
सबमरीनर

संदर्भ 126613LB

मॉडल केस

प्रकार
ऑयस्टर, 41 मिमी, ऑयस्टरस्टील और येलो गोल्ड

व्यास
41 मिमी

सामग्री
येलो रोलसॉर

बेज़ेल
एक ही दिशा में घूमने योग्य 60-मिनट ग्रेजुएटेड, नीला सिरेमिक में स्क्रैच-रोधी सेराक्रोम इन्सर्ट, अंक और ग्रेजुएशन्स में गोल्ड की कोटिंग

ऑयस्टर संरचना
मोनोब्लॉक मिडल केस, स्क्रू-डाउन केस बैक और वाइंडिंग क्राउन

वाइडिंग क्राउन
स्क्रू-डाउन, ट्रिपलॉक ट्रिपल वॉटरप्रूफ़नेस सिस्टम

क्रिस्टल
स्क्रैच-रोधी सैफ़ायर, तारीख के ऊपर साइक्लोप्स लेंस

जल प्रतिरोधी-क्षमता
300 मीटर / 1,000 फीट तक वॉटरप्रूफ़

घड़ी की मशीन

प्रकार
परपेचुअल, मैकेनिकल, सेल्फ़-वाइंडिंग

कैलिबर (घड़ी के चलने की यंत्रावली)
3235, मैन्युफैक्चर रोलेक्स

सटीकता
-2/+2 सेकंड/दिन, केसिंग के बाद

ऑस्सिलेटर
पैरामैग्नेटिक ब्लू पैराक्रोम हेयरस्प्रिंग। हाई-परफ़ॉर्मेंस पैराफ़्लेक्स शॉक एब्जॉर्बर

वाइडिंग
दो दिशाओं में परपेचुअल रोटर के ज़रिए सेल्फ़-वाइंडिंग

पॉवर रिज़र्व
लगभग 70 घंटे

फंक्शन
मध्य घंटे, मिनट और सेकंड की सुइयाँ। तीव्र सेटिंग के साथ तत्क्षण तारीख। सटीक टाइम सेटिंग के लिए स्टॉप-सेकंड

ब्रेसलेट

प्रकार
ऑयस्टर, तीन-पीस सॉलिड लिंक

ब्रेसलेट सामग्री
येलो रोलसॉर - ऑयस्टरस्टील और येलो गोल्ड का संयोजन

क्लास्प
रोलेक्स ग्लाइडलॉक एक्सटेंशन सिस्टम के साथ फ़ोल्डिंग ऑयस्टरलॉक सेफ़्टी क्लास्प

डायल

प्रकार
रॉयल ब्ल्यू

विवरण
बेहद स्पष्ट क्रोमालाइट डिस्प्ले दीर्घकालिक नीली चमक के साथ

प्रमाणन

प्रकार
सुपरलेटिव क्रोनोमीटर (COSC + केसिंग के बाद रोलेक्स सर्टिफ़िकेशन)

Rolex.com को एक्सप्लोर करें और जानें

सभी बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे ट्रेडमार्क, सर्विस मार्क, ट्रेड नाम, डिज़ाइन और कॉपीराइट सुरक्षित हैं।

इस वेबसाइट में शामिल कोई भी चीज़ लिखित अनुमति के बिना पुनरुत्पादित नहीं की जा सकती। रोलेक्स वर्तमान वेबसाइट में दिखाए गए मॉडलों में संशोधन करने का अधिकार हर समय सुरक्षित रखती है।

ROLEX